पाठ – 8 लोकतंत्र की चुनौतियाँ

Q1. अच्छे लोकतंत्र की परिभाषा और विशेषताएँ –

उत्तर : लोकतंत्र शासन का वह स्वरुप है जिसमें लोग अपने शासकों का चुनाव खुद करते हैं | · लोगो द्वारा चुने गए शासक ही सभी प्रमुख़ फैसले लेते हैं | · चुनाव में लोगों को अपनी पसंद ज़ाहिर करने और शासकों को बदलने का विकल्प और अवसर बराबरी से मिलना चाहिए | · ऐसी सरकार का गठन होना चाहिए जो संविधान के बुनियादी नियमों और नागरिकों के अधिकार को मानते हुए काम करे | · भेदभाव को समाप्त करना भी लोकतांत्रिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण काम हैं |